लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 3. 3. 2020 पृष्ठ सं. 17 कॉलम 2.5

**विदाई** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए आयोजित किया विदाई समारोह

# 9 वैज्ञानिक और 27 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह। • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। दिसम्बर से फरवरी माह दौरान कुल 9 वैज्ञानिक तथा 27 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। सभी को सम्मानित किया गया। कुलपति ने सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद, निरोगी व दीर्घायु रहने की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डा. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत कर्मचारियों का स्वागत किया। इसके बाद कुलसचिव डा. बीआर कम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा हमेशा बनाएं रखें। विश्वविद्यालय से गत चार माह में कुल 9 शिक्षक, वैज्ञानिक तथा 27 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों व वैज्ञानिकों में डा. पिंकी बूरा, डा. आरके श्योराण, डा. आईएस पंवार, डा. समुन्द्र सिंह, डा. आरएस सांगवान, डा. वीना जैन, डॉ. अवतार सिंह, डा. वीपीएस सांगवान, डा. विरेन्द्र मलिक जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में पुष्पा रानी, इंद्र सिंह, तिलक राज, दुर्गा दत्त, रतन सिंह, लाटूर, जयपाल, चंद्र हंस, नर बहादुर, विजय, सत्यवान, जितेंद्र, सूबे सिंह, शान्ति, दलीप सिंह, धर्मबीर शास्त्री, पुष्पा देवी, निर्मला दहिया, सुपेश, कुलदीप सिंह, शम्भुदत्त, हुम लाल, सुरेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, बलबीर सिंह, राजेन्द्र और तारा बहादुर शामिल हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....
दिनांक 3.3.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 3-5

# तीन महीने में 9 शिक्षक, 27 कर्मचारी सेवानिवृत्त

## एचएयू : विदाई समारोह में कुलपति ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित



विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ मौजूद कुलपति डॉ. केपी सिंह व अन्य। - अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह करवाया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। उन्होंने दिसंबर से फरवरी के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि कर्मचारी अपने को सेवानिवृत्त न समझें, बल्कि अपने को व्यस्त रखकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। विवि के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय से गत तीन महीने में 9 शिक्षक और 27 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों में डॉ. पिंकी बूरा, डॉ. आरके श्योराण, डॉ. आईएस पंवार, डॉ. समुंद्र सिंह, डॉ. आरएस सांगवान, डॉ. वीना जैन, डॉ. अवतार सिंह, डॉ. वीपीएस सांगवान, डॉ. विरेंद्र मलिक जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में पुष्पा रानी, इंद्र सिंहश, तिलक राज, दुर्गा दत्त, रतन सिंह, लाटूर, जयपाल, चंद्र हंस, नर बहादुर, विजय, सत्यवान, जितेंद्र सिंह, सूबे सिंह, शांति, दलीप सिंह, धर्मवीर शास्त्री, निर्मला दहिया, सुपेश कुमार, कुलदीप सिंह, शंभुदत्त, हुम लाल, सुरेंद्र सिंह, रमेश कुमार, बलबीर सिंह, राजेंद्र और तारा बहादुर शामिल हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक....3. 3. 2020.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम.....3-5.....

# हकृवि कुलपति ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित



*कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी : यादगार लम्हें।*

हिसार, 2 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. के.पी. सिंह मुख्यातिथि थे। उन्होंने दिसम्बर से फरवरी माह दौरान सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि वे अपने को सेवानिवृत्त न समझें बल्कि अपने को व्यस्त रखकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। विश्वविद्यालय से गत 4 माह में कुल 9 शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 27 गैर-शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डा. पिंकी बूरा, डा. आर.के. श्योराण, डा. आई.एस पंवार, डा. समुन्द्र सिंह, डा. आर.एस. सांगवान, डा. वीना जैन, डा. अवतार सिंह, डा. वी.पी.एस. सांगवान, डा. विरेन्द्र मलिक जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में पुष्पा रानी, इन्द्र सिंह, तिलक राज, दुर्गा दत्त, रतन सिंह, लाटूर, जयपाल, चन्द्र हंस, नर बहादुर, विजय, सत्यवान, जितेन्द्र सिंह, सूबे सिंह, शान्ति, दलीप सिंह, धर्मवीर शास्त्री, पुष्पा देवी, निर्मला दहिया, सुपेश कुमार, कुलदीप सिंह, शम्भुदत्त, हुम लाल, सुरेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, बलबीर सिंह, राजेन्द्र और तारा बहादुर शामिल हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर

दिनांक: 3.3.2020 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1-2

# कुलपति ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित



**हिसार** | एचएयू में सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह में कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कुलपति डॉ. केपी सिंह ने कर्मचारियों की प्रशंसा की। कहा कि वे अपने को सेवानिवृत्त न समझें बल्कि अपने को व्यस्त रखकर परिवार व समाज को सेवाएं प्रदान करें। विश्वविद्यालय से चार माह में कुल 9 शिक्षक, वैज्ञानिक और 27 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विवि के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा, कुलसचिव डॉ. बीआर कम्बोज, राजेश मोर, सुभाष शर्मा मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........
दिनांक....3. 3. 2020.... पृष्ठ सं.....14..... कॉलम.....5:6.....

# वीसी ने किया सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित

- कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हकृवि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दिसंबर से फरवरी माह के दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चन्हि भेंट करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुलपति ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद, निरोगी व दीघार्यु रहने की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया। इससे पश्चात कुलसचिव डॉ. बीआर कंबोज ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और इस विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने को कहा। इस अवसर पर राजेश मोर और सुभाष शर्मा भी उपस्थित थे।

## ये हुए सेवानिवृत्त

हकृवि से गत चार माह में कुल 9 शक्षिक, वैज्ञानिक तथा 27 गैर शक्षिक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शक्षिकों व वैज्ञानिकों में डॉ. पिंकी बूरा, डॉ. आरके श्योराण, डॉ. आईएस पंवार, डॉ. समुंद्र सिंह, डॉ. आरएस सांगवान, डॉ. वीना जैन, डॉ. अवतार सिंह, डॉ. वीपीएस सांगवान, डॉ. विरेन्द्र मलिक शामिल हैं। जबकि गैर शक्षिक कर्मचारियों में पुष्पा रानी, इंद्र सिंह, तिलक राज, दुर्गा दत्त, रतन सिंह, लाटूर, जयपाल, चंद्र हंस, नर बहादुर, विजय, सत्यवान, जितेंद्र सिंह, सूबेसिंह, शांति, दलीप सिंह, धर्मवीर शास्त्री, पुष्पा देवी, नर्मिला दहिया, सुपेश कुमार, कुलदीप सिंह, शंभुदत्त, हुम लाल, सुरेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, बलबीर सिंह, राजेंद्र और तारा बहादुर शामिल हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........
दिनांक....3. 3. 2020.... पृष्ठ सं....14.... कॉलम....3-5....

# समाज से भेदभाव खत्म करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में मानव-अधिकार पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य के एनएसएस अधिकारी डॉ. कपेन्द्र सिंह व मुख्य वक्ता के रूप में हिसार जिले के मानव-अधिकार विशेषज्ञ सज्जन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चार मुख्य स्तंभों की महत्ता बताते हुए समाज से भेद-भाव व नस्लवाद को समाप्त करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता सज्जन कुमार के वक्तव्य से किया गया, जिसमें उन्होंने मानव-अधिकारों के बारे में इनकी आज के समय और समाज में प्रासंगिकता व वर्तमान परिदृश्य के बारे में बताया। भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसमें मोनिका ने प्रथम स्थान व नैन्सी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक 3.3.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-2

# समाज से भेदभाव समाप्त करने का आह्वान




**हिसार**। एचएयू की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में 'मानव-अधिकार' पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य के एनएसएस अधिकारी डॉ. कपेंद्र सिंह व मुख्य वक्ता के रूप में जिले के मानव-अधिकार विशेषज्ञ सज्जन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चार मुख्य स्तंभों की महता बताते हुए समाज से भेदभाव व नस्लवाद को समाप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए मुख्य वक्ता सज्जन कुमारं ने मानव अधिकारों के बारे में इनकी आज के समय और समाज में प्रासंगिकता व वर्तमान परिदृश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मोनिका जांगड़ा ने प्रथम स्थान, नैंसी ने द्वितीय, सिमरन व गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास की प्रशंसा की व शिविर की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। संपूर्ण कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित रहीं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण

दिनांक 3. 3. 2020 पृष्ठ सं 2, 15 कॉलम 1-2, 5-6

## भाषण प्रतियोगिता में मोनिका जांगड़ा विनर




**हिसार** | एचएयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे शिविर में सोमवार को मानव-अधिकार पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मानव अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य के एनएसएस अधिकारी डॉ. कपेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चार मुख्य स्तंभों की महत्ता बताते हुए समाज से भेद-भाव व नस्लवाद को समाप्त करने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता सज्जन कुमार ने संबाधित किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मोनिका जांगड़ा ने प्रथम स्थान, नैन्सी ने द्वितीय, सिमरन व गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एनएसएस स्वयंसेवकों को भेदभाव व नस्लवाद समाप्त करने की दी प्रेरणा

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में मानव-अधिकार पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य के एनएसएस अधिकारी डॉ. कपेन्द्र सिंह व मुख्य वक्ता के रूप में हिसार जिले के मानव-अधिकार विशेषज्ञ सज्जन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चार मुख्य स्तंभों की महत्ता बताते हुए समाज से भेद-भाव व नस्लवाद को समाप्त करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता सज्जन कुमार के वक्तव्य से किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में मोनिका जांगड़ा ने प्रथम स्थान, नैन्सी ने द्वितीय, सिमरन व गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास की प्रशंसा की व शिविर की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ सिटी पल्स ........
दिनांक ..2.3.2020.. पृष्ठ सं. ..3.. कॉलम ..2.5..

# भाषण प्रतियोगिता में मोनिका ने रही प्रथम

## हकृवि में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'मानव-अधिकार' पर विशेष सत्र का आयोजन




सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में 'मानव-अधिकार' पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य के एनएसएस अधिकारी डॉ. कपेन्द्र सिंह व मुख्य वक्ता के रूप में हिसार जिले के मानव-अधिकार विशेषज्ञ सज्जन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कपेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चार मुख्य स्तंभों की महत्ता बताते हुए समाज से भेद-भाव व नस्लवाद को समाप्त करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता के वक्तव्य से किया गया जिसमें उन्होंने मानव-अधिकारों के बारे में इनकी आज के समय और समाज में प्रासंगिकता व वर्तमान परिदृश्य के बारे में बताया।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें मोनिका जांगड़ा ने प्रथम स्थान, नैन्सी ने द्वितीय, सिमरन व गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों के आत्मविश्वास की प्रशंसा की व शिविर की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। संपूर्ण कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित रहीं।